जे0पी0 ग्रुप ऑफ एजुकेशन, वियावानी, बिहारशरीफ, नालन्दा के तरफ से मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया।

आज दिनांक 9 मई 2024 दिन गुरूवार को वियावानी स्थित जे0पी0 ग्रुप ऑफ एजुकेशन के सभी विभागों के छात्रों एवं शिक्षकों तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को मतदान हेतु संस्थान के सचिव श्री शैलेश कुमार के द्वारा शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर संस्थान के सचिव श्री शैलेश कुमार के नेतृत्व में सस्थान के द्वारा ग्राम–दाउदपुर, थाना–नूरसराय में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें संस्थान के छात्र–छात्राओं एवं कर्मचारियों के द्वारा घर–घर जाकर प्रत्येक मतदाता को जागरूक किया गया और उन्हें अपने मतदान के अधिकार तथा कर्तव्य दोनों के पालन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। विशेष रूप में नये मतदाता बने हुए युवाओं को मतदान के बारे में बताया गया तथा उन्हें मतदान हेतु प्रोत्साहित किया गया। संस्थान के सचिव श्री शैलेश कुमार ने ग्राम वासियों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि दिनांक 1 जून 2024 को अपना–अपना मत जरूर दें। यह चुनाव आपके अगले 5 वर्षों के भविष्य को निर्णित करेगा। अतः सोच समझकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

इस अवसर पर संस्थान के प्रशासनिक पदाधिकारी श्री एस0 दिवाकर, जे0पी0 कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ0 संजय कुमार, जे0पी0 इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्राचार्य ई0 पूर्णेन्दु भूषण, जे0पी0 शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 पुनीत कुमार शुक्ला, जे0पी0 कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ राजीव कुमार, जे0पी0 आई. टी. आई. के प्राचार्य ई0 राजीव कुमार, जे0पी0 इन्टरनेशनल स्कूल के प्राचार्य श्री मणिकान्त कुमार, जे0पी0 कॉलेज ऑफ लॉ के प्रभारी प्राचार्य श्री कृष्ण कुमार कनौजिया सहित संस्थान के सभी शिक्षकगण, कर्मचारिगण एवं सभी छात्र–छात्राएँ उपस्थित थे।

ज्ञातव्य है कि संस्थान के द्वारा प्रायः विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आस–पास के गांवों में चलाया जाता रहा है।